# अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मंडल, मुंबई.

परीक्षा सत्र : नवम्बर-दिसम्बर 2023

**परीक्षा का नाम : अलंकार प्रथम (प्रथम प्रश्नपत्र)**

**विषय : गायन तथा स्वरवाद्य वादन**

दि. 19/11/2023 समय : सुबह 9 से 12 कुल अंक : 100

**सूचनाएँ :** (१) कुल सात प्रश्नों मे से पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिये ।
(कोई भी पाँच)
(२) सभी प्रश्नों के अंक समान है ।

**प्र.1. अ) निचे दिये गए पर्यायों मे से सही पर्याय चुनिये।** (10)

1. मोहम्मदशाह रंगीले के नाम रची गयी बंदिशों के रचयिता कौन है ?
   1) अदारंग 2) मनरंग 3) सदारंग 4) सबरंग
2. वर्तमान शास्त्रीय संगीत में प्रयुक्त 22 श्रुती क्रम को सर्वप्रथम किसने स्थापित किया ?
   1) दंतिल 2) सोमनाथ 3) भरत 4) रामामात्य
3. भरत व्दारा वर्णित गीतियोंकी संख्या कितनी है ?
   1) 3 2) 4 3) 5 4) 6
4. मुरकीयां, बोलबांट यह संगीत अलंकारोंका गायन किस संगीत प्रकारकी गायन शैली में होता है ?
   1) ठुमरी 2) गझल 3) धृपद 4) छोटा ख्याल
5. पाश्चात्य संगीत में इनमेसे किसकी प्रधानता है ?
   1) मेलोडी 2) हार्मोनी 3) राग 4) गीत
6. निम्न मे से कौनसा राग 'मेजर स्केल' के समान है ?
   1) बिलावल 2) आसावरी 3) देस 4) सारंग
7. दो मध्यम लगनेवाला सायंकालीन संधीप्रकाश राग कौनसा है ?
   1) मारवा 2) पुरिया धनाश्री
   3) बसंत 4) पूर्वी

8. मतंग ने किस वीणा का निर्माण किया है ?
   1) चित्रा वीणा   2) मयुरी वीणा   3) किन्नरी वीणा   4) विपंची वीणा

9. सर्वप्रथम किस ग्रंथमे 'ग्रामराग' शब्द का उल्लेख किया है ?
   1) नाट्यशास्त्र   2) संगीत रत्नाकर
   3) संगीत पारिजात   4) बृहद्देशी

10. महर्षी विष्णू दिगंबर पलुस्करजी के गुरु का नाम क्या था ?
   1) नारायणराव व्यास   2) विद्याधर
   3) पं.बाळकृष्णबुवा   4) स्वामी हरीदास

**ब) उचित जोडी चुने।** **(5)**

| अ | ब |
|---|---|
| 1. पश्तो | 1. निखिल बॅनर्जी |
| 2. आग्रा घराना | 2. अमजद अली खाँ |
| 3. झपताल | 3. टप्पा |
| 4. अल्लादिया खाँ | 4. सादरा |
| 5. सतार | 5. उस्ताद जहांगिर खाँ |
| | 6. धृपद |
| | 7. 8 मात्रा |

**क)** 1. सुशिर वाद्य बजानेवाले दो प्रख्यात कलाकारों के नाम लिखिये। **(5)**
2. दो परमेल प्रवेशक रागोंके नाम लिखिये।
3. राग श्यामकल्याण में दो मुक्त आलाप लिखिये।
4. राग गौडमल्हार में दो मुक्त ताने लिखिये।
5. ऩिऽऽऽ, रे॒गऽऽ, मॅरे॒गऽऽ, मॅगरेसा।
इस स्वरसमुदायसे राग पहचानिये तथा उसका आरोह-आवरोह लिखिये।

**प्र.2.** **अ) राग शुद्धसारंग अथवा नंद किसी** **(4+4+2+2=12)**
**एक राग में विलंबित ख्याल।**
**मसितखानी गत, दो आलाप और दो तानों के साथ किसी भी स्वरलेखन पद्धती में स्वरताल के साथ लिपीबद्ध कीजिए।**

**ब) इस वर्ष के साधारण ज्ञान के रागोंसे (3+3+1+1=8)**
**किसी एक राग मे रुपक ताल में छाटा ख्याल / रजाखानी गत दो तानोंके साथ पं.पलुस्कर स्वरलेखन पद्धती मे लिपीबद्ध कीजिए।**

**प्र.3. संक्षिप्त टिपण्णी लिखिये। (5x4=20)**

1. रागमें रागविस्तार एवम् प्रस्तुतीतकरण में बंदिश का योगदान
2. परमेल प्रवेशक राग
3. अर्ध्वदर्शक स्वर का महत्त्व
4. समान स्वरवाले रागोंकी भिन्नता

**प्र.4. नीचे लिखी बंदिश को सुयोग्य राग तथा ताल में निबद्ध कीजिए। (20)**

सुनत तान भई मैं बावरिया
मोरा मन हर लीनो साँवरिया॥
मुरली की धुन सुनत,
सुध बुध सब बिसरी जात,
बीती जात सारी रतिया,
मोरा मन हर लीनो सांवरीया॥

**प्र.5. निम्नलिखित किन्ही 2 राग–जोडियों में समानता और विभिन्नता, 2 आलाप तथा 2 तानोंके साथ वर्णन कीजीये। (20)**

1. गौडमल्हार–मियामल्हार
2. देवगिरी बिलावल–अल्हैया बिलावल
3. अहिर भैरव–भैरव

प्र.6. नीचे दिए गये तालों की जानकारी लिखकर लिपीबद्ध कीजिये। (5x4=20)

1. ताल झुमरा ठाह तथा तिगुन (पं.पलुस्कर लिपी)
2. ताल चौताल (4 मे 3)
3. ताल एकताल (2 मे 3)
4. ताल दिपचंदी ठाह तथा चौगुन। (पं.भातखंडे लिपी)

प्र.7. पाश्चात्य स्वरलिपी पद्धती की संपूर्ण जानकारी देते हुऐ, जोग तथा कलावती रागोंका आरोह–आवरोह पाश्चात्य नोटेशन पद्धतीमें लिपीबद्ध कीजिये। (20)